2. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाओ—

क. माँ को किसने पुकारा?

☐ पिता जी ने  ☐ अंकुर ने  ☑ दूध वाले ने  ☐ गाय ने

ख. हमें रोगों से लड़ने की ताकत कौन देते हैं?

☐ कैल्शियम  ☑ विटामिन  ☐ प्रोटीन  ☐ केसीन

## *मूल्यपरक प्रश्न L.O. 3

Values
• healthy lifestyle, wisdom

इनमें से जो खाद्य या पेय पदार्थ हमारे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक होते हैं, उनपर ✓ लगाओ। *(Health Literacy)*


☑


☑


☐


☑


☐


☑

## भाषा-ज्ञान L.O. 6

1. समानार्थक शब्द छाँटकर लिखो—

• synonyms

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| माता | — माँ | खून | — रक्त | धेनु | नयन |
| खाना | — भोजन | आँख | — नयन | तन | रक्त |
| शरीर | — तन | गाय | — धेनु | माँ | भोजन |

***अध्यापन निर्देश**

अध्यापक/अध्यापिका मूल्यपरक प्रश्न को माध्यम बनाकर शिक्षार्थियों को संतुलित आहार का मतलब और महत्व समझाते हुए उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।



Scanned with OKEN Scanner

2. ऋ की मात्रा होती है '  ृ' इसे रि की तरह बोलते हैं।

**ऋ और उसकी मात्रा के शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋ | — | ऋतु | ऋण | ऋद्धि | ऋचा |
| ृ | — | कृपा | गृहकार्य | मृग | गृह |

3. **पढ़ो और समझो—**

• adjective

राजा बेटा — कैसा बेटा? राजा।

एक लीटर दूध — कितना दूध? एक लीटर।

**बेटा** और **दूध** — नाम यानी **संज्ञा** शब्द हैं। 'राजा' और 'एक लीटर' संज्ञा शब्दों के बारे में कुछ विशेष बता रहे हैं।

**संज्ञा शब्दों के बारे में कुछ विशेष बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।**

**इन वाक्यों में आए विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचो—**

**क.** गाय हरी घास खाती है।

**ख.** आप मुझे रोज़ दो बार दूध पीने के लिए क्यों देती हो?

**ग.** दूध के ज़रूरी पोषक तत्व हमें निरोगी बनाते हैं।

**घ.** आज से मैं खूब दूध पिऊँगा।

4. **'र' के इन रूपों के शब्द लिखो—**

• 'र' के रूप

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| र | = | अचरज | रथ | राजा |
| र्‍ (ऊपर) | = | कर्म | सूर्य | कार्य |
| ्र | = | प्रतिदिन | प्रकाश | प्रथम |
| ्र (ट्र) | = | ट्राम | ड्रम | ट्रेन |

Scanned with OKEN Scanner